थैंक्स गिविंग डे (धन्यवाद प्रदाय दिवस)

आज दिनांक 20/12/2019 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में थैंक्स गिविंग डे अर्थात् धन्यवाद प्रदाय दिवस मनाया गया। जिसकी प्रस्तुति प्रार्थना स्वरूप विद्यालय की कक्षा नौंवी में अध्यापन कराने वाली समरूत शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गई। प्रभु आराधना के साथ सभी ने ईश्वर को धन्यवाद दिया। प्राचार्य, उपप्राचार्य शिक्षकों एवं सभी कार्यकर्ताओं माता –पिता, सभी अभिभावक वीर सैनिकों कीटपतंगों पर्यावरण की प्रत्येक वस्तु और चर–चराचर सभी को धन्यवाद देते हुए प्रभु को आभार व्यक्त किया। सामुहिक माध्यम के नृत्य से भी शिक्षिकाओं ने अद्भुत उल्लासमय किरणें बिखेरी। इस सामूहिक नृत्य को पूर्ण श्रृंगारिक बनाने में श्रीमती सोनिया मैडम, मिस रूपिन्दर , श्रीमती एनी, मिस ममता , मिस अंजली एवं श्रीमती रश्मि पिल्लई मैडम ने अपनी पूर्ण भूमिका निभाई विद्यालय के प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन के. के. ने भी अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्यारे –प्यारे बच्चों का शिक्षकों का कार्यालयीन कर्मचारियों का एवं दैनिक कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्हौने ईश्वर की प्रत्येक रचना का धन्यवाद एवं अभार व्यक्त किया। इस प्रार्थना सभा के द्वारा आपस में मित्रवत एवं आत्मवत व्यवहार करने की शिक्षा दी गई। अंत में श्रीमती वौसमी मैडम के सफल संचालन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।